॥ ओ३म् ॥

# प्रभु से विनय

हे ब्रह्म! मैं तेरी शरण में आया हूँ और जहाँ भी मैं जाता हूँ वहाँ तुझे ही दृष्टिपात करता हूँ। प्राची दिक् में, पूर्व में अग्नि का प्रावधान हो रहा है और दक्षिण में इन्द्र बन करके रहते हो और प्रतीची दिक् में वरुण बन करके रहते हो उदीची दिक् में सोम बन करके रहते हो, ज्ञान के भण्डार हो, ध्रुवा में पालन करने वाले विष्णु हो और ऊर्ध्वा में पालन करने वाला बृहस्पति कहलाता है। वह प्रभु! की उपासना करता है प्रातः काल कहता है कि प्रभु पाप करने के लिए कहाँ जाऊँ और मेरे द्वारा पाप क्यों हों? हे प्रभु! मुझे इतनी शक्ति प्रदान करो कि मैं पूर्व में अग्नि के तुल्य तेज को दृष्टिपात करता रहूँ, मैं दक्षिण में इन्द्र को दृष्टिपात करता रहूँ। और अन्न का जो भण्डार है जो मानव को वृत्त बनाता है। हे प्रभु! प्रतीची में तुम वरुण बन करके रहते हो और वह वरुण ही मेरे जीवन की सार्थकता है इसी प्रकार उदीची में सोम बन करके रहते हों। सोम किसे कहते हैं? ज्ञान को सोम कहते हैं, विज्ञान को सोम कहते है। विवेक को सोम कहते हैं, वह धारण होने वाला सोम है। योगीजन इसी सोम को पान करते हुए ज्ञान और विवेक से सने हुए अमृत को प्राप्त करते हैं तो उनकी वाणी में सोमपन आ जाता है। प्रभु! आप ध्रुवा में पालन करने वाले विष्णु बन करके रहते हो, आज हम सबकी पालना करने वाले हो और ऊर्ध्वा में प्रभु! आप बृहस्पति बन करके मेरे जीवन के रक्षक बनते हो, क्योंकि रक्षा विद्या और विवेक से होती है। ज्ञानी ही संसार में महान कहलाता हैं और उसका नेतृत्व करने वाला बृहस्पति कहलाता है।

**पूज्यपाद-गुरुदेव**

अंक : 557 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 632
वर्ष : 47 44 समग्र वर्ष : 53

# अनुक्रम


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. प्रभु से विनय | पूज्यपाद-गुरुदेव | 3 |
| 2. अनुक्रम | | 4 |
| 3. याग | पूज्यपाद-गुरुदेव | 5-18 |
| 4. ऋषि-मुनियों के उद्‌गार | पूज्यपाद-गुरुदेव | 19-35 |
| 5. चैत्र मास में प्रभु के उपासक दैवी यज्ञ किया करते थे | पूज्यपाद-गुरुदेव | 36 |
| 6. ऋषियों के उद्‌गार | | 37 |
| 7. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि | | 38-42 |


## चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से एवम् पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज (पूर्व शृङ्गी ऋषि जी) के शुभ आशीर्वाद से प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग का आयोजन लाक्षागृह बरनावा में श्री महानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में दिनाँक 10 मार्च, 2019 से 17 मार्च, 2019 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सब अपने सम्बन्धियों व मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

**श्री गाँधी धाम समिति (पञ्जी.)**

।। ओ३म् ।।

# याग

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गये हैं और जितना भी यह जड़ जगत अथवा चैतन्य जगत हमें दृष्टिपात आ रहा है उस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वह परमपिता परमात्मा दृष्टिपात आते रहते हैं क्योंकि वह परमपिता परमात्मा अनन्तमयी हैं। आज के हमारे वैदिक पठन पाठन में परमपिता परमात्मा की महिमा का वर्णन आता रहा है।

**यज्ञशाला**

हमारा वेद मन्त्र याग के ऊपर अपनी विवेचना दे रहा है और वेद मन्त्र कह रहा है यागाम् भवितम् ब्रह्मणा वर्तसुतः प्रव्हा व्रतम् दिव्याम्। वेद का वाक् कहता है कि हे मानव! तू अपने में याज्ञिक बन क्योंकि परमपिता परमात्मा का यह जो जगत है यह यज्ञोमयी स्वरूप माना गया है। क्योंकि यागाम् भवितम् क्योंकि प्रत्येक मानव याज्ञिक बना हुआ है और यह सृष्टि के प्रारम्भ से ही कर्म चला आ रहा है। परन्तु यागाम् देखो यज्ञसुताः यागों के ऊपर ऋषि-मुनियों ने बड़ा अनुसन्धान किया और इसको ले करके तत्पर रहे हैं कि यह जो परमात्मा का यह जो यज्ञोमयी स्वरूप है यह क्या है। तो बेटा! हमारे यहाँ वेद मन्त्र कहता है

कि परमपिता परमात्मा ने यह जो ब्रह्माण्ड की रचना की है यह नाना लोक-लोकान्तरों वाला जो जगत है अथवा यह जो पञ्चीकरण वाला जगत है उस परमपिता परमात्मा ने सबको नियमबद्ध करते हुए एक यज्ञशाला का निर्माण किया और यह जो यज्ञशाला है यह ब्रह्माण्ड की नाभि कहलाती है। नाभि का अभिप्रायः यह है कि ये मध्य है। जब भी मानव देखो, अपने में याग के ऊपर चिन्तन करने लगता है और याग में परणित होता रहता है तो मानो देखो, वह नाभि है। तो इसीलिए हमारे यहाँ वेदनम् भू वर्णम् मानो देखो, उसी यज्ञशाला में, नाभि रूपी यज्ञशाला में आत्मा यजमान है और परमपिता परमात्मा स्वतः ब्रह्मा हैं और वह ब्रह्मणं ब्रह्मा वर्णस्सुता। मुनिवरो! देखो, आत्मा यजमान और देखो, यह जो पञ्च होता हैं यह कोई इनमें से अध्वर्यु है, कोई उद्गाता है, कोई होता बन करके बेटा! इसका याग कर रहा है तो यह यागमयी कर्म है। आज मैं उस याग के ऊपर बेटा! देखो, तुम्हें जब मैं विचारों की पुनरुक्ति करता रहता हूँ। आज मुझे कहीं से यह प्रेरणा आ रही है कि याग के ऊपर कुछ विचार-विनिमय दिया जाए। तो वेद का मन्त्र जब याग के लिए कहता है, मुझे प्रेरित करता रहता है, कोई न कोई तो उसी प्रेरणा के आधार पर बेटा! मैं तुम्हें आज याग के सम्बन्ध में एक ऋषि के आसन पर ले जाना चाहता हूँ अथवा विद्यालय में।

## महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज का विद्यालय

मेरे पुत्रों! देखो, मुझे वह विद्यालय स्मरण आ रहा है। महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज की चर्चा मैंने तुम्हें कई कालों में की हैं और यहाँ यह कि उनकी पुनरुक्तियाँ करता रहता हूँ और वह पुनरुक्तियों के आधार पर याज्ञवल्क्य मुनि महाराज बेटा! अपने विद्यालय में प्रातःकालीन वह नैतिक शिक्षा देते रहते थे। और ब्रह्मचारियों को नैतिक शिक्षा जिससे ब्रह्मचारी महान् बन करके ब्रह्मवर्चोसी बन जाता है, वह ब्राह्मणत्व बन जाता है। तो मेरे प्यारे! देखो, वह ब्रह्मचारियों को एकत्रित करके

प्रातःकालीन बेटा! उनके मध्य में याग होता और याग को उद्बुद्ध करने वाले याज्ञवल्क्य मुनि होते। तो याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने बेटा! प्रातःकालीन न्योदा में मन्त्रों का उद्गीत गाया और न्योदा में जब वेद मन्त्रों का उद्गीत गाने लगे तो वह बोले कि हे ब्रह्मचव्रता हे ब्रह्मचारियों! वेद मन्त्र कहता है कि प्रत्येक मानव को याज्ञिक बनना चाहिए। याज्ञवल्क्य कहते हैं कि राष्ट्रीय प्रणाली में भी सबसे प्रथम राजा के राष्ट्र में प्रत्येक गृह में याग होना चाहिए। मानो क्योंकि याग की हमारे यहाँ बड़ी विस्तृत विवेचना की गई है। तो आज मैं उस विवेचना में तो विशेष नहीं पहुँचुँगा। केवल विचार-विनिमय यह मुनिवरो! प्रत्येक मानव का कर्त्तव्य है कि याज्ञिक बने परन्तु याज्ञवल्क्य मुनि ने कहा क्या प्रत्येक ब्रह्मचारी अपने में याज्ञिक बने।

## याग का स्वरूप

याग का अभिप्रायः क्या है बेटा! देखो, उस विद्यालय में विद्यमान हो करके ब्रह्मचारी आचार्य मिल करके याग करते हैं। साकल्य और चरू अग्नि के मुखारबिन्दु में परणित करते रहे हैं। मानो देखो, वह भी याग है और एक मानो देखो, वह याग कहलाता है जब मेरी प्यारी माता अपने गर्भस्थल में अपने शिशु को शिक्षा देना प्रारम्भ करती है वह भी अपने में याग है। पालना करने का भी नाम याग माना गया है। राष्ट्रीय प्रणाली में बेटा! देखो, जो राजा के राष्ट्र में जो राजा अपने कर्त्तव्य का पालन करता है प्रजा उसके अनुसार बरतने लगती है, वह भी एक याग हो रहा है। **याग का अभिप्रायः है कि जितना भी सुकर्म है, शुभ क्रियाकलाप है सर्वत्र का नाम याग माना गया है।** तो आओ, मेरे प्यारे! मैं याग के सम्बन्ध में इतना ही केवल उद्गीत गाऊँगा कि **प्रत्येक प्राणी को याग करना चाहिए।** याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा है–याज्ञवल्क्य मुनि महाराज बेटा! जब वह याग की विवेचना करने लगे और न्योदा में मन्त्रों का उद्गीत गाने लगे और वह यह उद्गीत गाते हुए कहते हैं कि यागाम्

भू वर्णम् ब्रह्मा यागाम् रथम् ब्रव्हे कृतम् देवाः वह याज्ञिक बन करके तुम याग करो। तो मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्मचारी यज्ञदत्त, वह उपस्थित हुआ और यज्ञदत्त ने कहा **हे प्रभु! हम याग कैसे करें?** उन्होंने कहा कि याग में यज्ञशाला हो अष्ट कोणों वाली, चतुष कोणों वाली, नौ कोणों वाली, ग्यारह कोणों वाली और चौबीस कोणों वाली यज्ञशाला का मानो वैदिक साहित्य में वर्णन किया जाता है। तो इसीलिए तुम याज्ञिक बनो यागाम् भू देखो, तुम याज्ञिक बन करके उसमें बेटा! हुत करो, चरू का प्रदान करो और उन्होंने कहा कि उसमें आसन पवित्र हो और साकल्य भी पवित्र होना चाहिए। मानो देखो, अहिंसक साकल्य होना चाहिए। मेरे पुत्रों! देखो, जब ऋषि ने इस प्रकार वर्णन किया कि उसमें यजमान हो, होता हो, उद्गाता हो और अध्वर्यु बन करके मुनिवरो! देखो, याग होना चाहिए। मुनिवरो! देखो, **यज्ञ का जो ऊर्ध्वा जो शिर कहलाता है शिरोमणि वह यजमान होता है और दूसरे आसन पर मानो देखो, सबसे प्रथम तो ब्रह्मा होता है परन्तु उसके पश्चात् यजमान ही है।** परन्तु यजमान मूर्ध्वा कहलाता है, उसे मूर्ध्वा कहते हैं। मेरे प्यारे! देखो, अध्वर्यु कहलाता है। वैसे राजा को भी हमारे यहाँ **अध्वर्यु** कहा जाता है। अध्वर्यु नाम आत्मा का भी है और यह अध्वर्यु नाम मुनिवरो! देखो, यज्ञशाला में जो साकल्य का नेतृत्व करने वाला है, साकल्य को अपने में धारयामि बनाने वाला है उसका नाम अध्वर्यु कहलाता है। मेरे प्यारे! देखो, राजा इसीलिए क्योंकि वह वशिष्ठ है इसीलिए उसको हमारे यहाँ देखो, ऊर्ध्वा अमृताम् देखो, वह मूर्ध्वा के रूप में वह अध्वर्यु कहलाता है। मेरे प्यारे! दूसरा उद्गाता होता है। **उद्गाता** उसे कहते हैं जो उद्गीत गाता है, वेद मन्त्रों का गान गा रहा है, स्वर सङ्गम में गा रहा है। जो मेरे प्यारे! देखो, उदात्त और अनुदात्त में गा रहा है, वह जटा पाठ और माला पाठ में गाता रहता है, नाना प्रकार का गान गाने वाला अपने में गान गाता रहता है बेटा! उसे उद्गाता कहा जाता है। वह उद्गाता, अध्वर्यु, ब्रह्मा और यजमान चार स्थान होते हैं यज्ञशाला में उनके मध्य में मानो देखो, उन्हे **ऋत्विज** भी कहते हैं और इन्हे

मानो देखो, होताजन भी कहा जाता है। मेरे प्यारे! देखो, जब ऋषि ने इस प्रकार वर्णन किया—उन्होंने कहा यह सब देखो, यज्ञशाला का ऊर्ध्वा देखो, अनुष्ठान मात्र से उसका निर्माण देखो जैसे अवृत्त कहलाता है।

उन्होंने कहा, यज्ञदत्त ब्रह्मचारी बोले कि प्रभु! मैं यह जानना चाहता हूँ कि यह सुविधा कहीं यदि प्राप्त न हो, देखो, यज्ञशाला भी न हो, उसका साकल्य भी न हो तो हे प्रभु! हम याग कैसे करें? यज्ञशाला तो है परन्तु याग कैसे करें? उन्होंने कहा ब्रह्मचारी साकल्य, अग्नि के द्वारा तुम याग करो, और याग में कहो प्राणाय स्वाहाः, अपानाय स्वाहाः, व्यानाय स्वाहाः, उदानाय स्वाहाः, समानाय कह करके पञ्चाहुति प्रदान करो और उससे तुम्हारा प्राण ऊर्ध्वा में प्राप्त होता हुआ, मानो देखो, अगृत प्राप्त होता रहता है। तो मेरे प्यारे! ऋषि ने जब इस प्रकार वर्णन किया क्या तुम्हारे यहाँ मानो देखो, अग्नि है और समिधा हो, और चरू होना चाहिए। देखो, अग्नि में स्वाहा कहते रहो।

## जल के द्वारा याग

मेरे प्यारे! उन्होंने कहा प्रभु यह भी हमने स्वीकार कर लिया परन्तु हम यह जानना चाहते हैं, भगवन्! कहीं अग्नि भी प्राप्त न हो और साकल्य भी न हो, समिधा भी न हो तो हे प्रभु! हम याग कैसे करें? उन्होंने कहा यदि ये वस्तु तुम्हें प्राप्त न हों कहीं तो मानो देखो, वह ब्रह्मणे व्रतम् मानो तुम जल के द्वारा जल का प्रोक्षण करो, जल की अञ्जलि बना करके और तुम कहो कि प्राणाय स्वाहाः, अपानाय स्वाहाः, समानाय स्वाहा, व्यानाय स्वाहाः, उदानाय स्वाहाः कह करके तुम हुत करो। मानो देखो, हुताम भू वर्णनं ब्रह्मा तुम हुत करने वाले बनो और हुत करके देखो, अमृतम् अपने प्राणों को ऊँचा बनाओ। क्योंकि यह प्राण ही भोगतव्य है और प्राण ही भोगता है। मानो देखो, यह संसार की आभा को निगल जाता है और यह प्राण मानो देखो वृत्ति कहलाता है। इस प्राण के द्वारा मानो देखो, अञ्जलि में जल ले करके तुम कहो प्राणाय

स्वाहाः। मेरे प्यारे! यह जो देखो, जल है यही तो मानव का जीवन है, यही तो मुनिवरो! देखो, आपोमयी बना रहता है। माता के गर्भस्थल में जब हम जैसे शिशु विद्यमान होते हैं तो बेटा! देखो, बालक का ओढन भी जल ही है और देखो, आसन भी जल ही बना हुआ है और पाशे भी जल बने हुए हैं। मेरी प्यारी माता नहीं जानती क्या तुम्हारे गर्भस्थल में जो बाल्य विद्यमान है उसका आसन क्या है अथवा उसका ओढन क्या है। मेरे प्यारे! देखो, जल ही ओढन है और जल ही आसन, और देखो, वृत्ति कहलाता है। और जल ही मेरे प्यारे! पाशे बने हुए हैं जिसमें वह गमन करता रहता है, नाना प्रकार के मानो गतियों का प्राप्त वहीं से अमृत को प्राप्त करता रहता है। माता की नाभि और बाल्य की नाभि का दोनों का समन्वय हो करके नाभि के द्वारा बेटा! मेरे प्यारे! वेद की आभा में दृष्टिपात करते हुए कहा क्या मानो समाधि लगा करके भी ऋषि मुनि दृष्टिपात करते रहे हैं। मेरे प्यारे! माता की रसना के निचले विभाग में एक चन्द्रकेतु नाम की नाड़ी होती है और वह नाड़ी का समन्वय मेरे प्यारे! पुरातत नाम की नाड़ी से होता है। और पुरातत नाम की नाड़ी का जो समन्वय है वह माता की लोरियों से होता हुआ पञ्चम नाड़ी बन करके चलती है और वह अमृत को प्रदान किया जा रहा है, और बाल्य मानो देखो नाभि से अमृत को प्राप्त कर रहा है। मेरे प्यारे! देखो, कैसा मेरे प्यारे प्रभु का विज्ञान है। मेरी भोली माता नहीं जानती कि कौन अमृत दे रहा है, कौन अमृत में बना हुआ है मेरी भोली माता ज्ञान विज्ञान से वंचित रहती है। तो मेरे प्यारे! देखो, इस प्रकार अवृत्तम आचार्य कहता है याज्ञवल्क्य क्या मानो देखो, यह जो जल है इसी के द्वारा तुम याग करो और स्वाहाः कह करके प्राण की आहुति दो, और प्राणाय स्वाहाः कह करके मेरे प्यारे! अञ्जली से जल का प्रोक्षण करो।

## पृथ्वी की रज के द्वारा याग

उन्होंने कहा हे प्रभु! चलो यह भी हमने स्वीकार कर लिया कि जल के द्वारा हम याग करें परन्तु कहीं ऐसा हो क्या हमें जल भी कहीं प्राप्त

न हो तो हम याग कैसे करें? उन्होंने कहा यदि कहीं जल प्राप्त न हो, तो यह पृथ्वी के द्वारा, पृथ्वी की रज को ले करके याग करो और कहो प्राणाय स्वाहाः, अपानाय स्वाहाः, व्यानाय स्वाहाः उदानाय स्वाहाः व्यानम् ब्रह्मे। मेरे प्यारे! देखो, यह पञ्च आहुति तुम प्रदान करो उससे वर्चोसी बन जाओगे। वह जो गुरुत्व है, पृथ्वी का जो रज है यही तो मेरे प्यारे! देखो, पिण्ड बना हुआ है। जब सूर्य में जाते हैं तो सूर्य में भी यह पिण्ड रूप है परन्तु अग्नि प्रधान है और वही अग्नम् ब्रह्मा बेटा! उसका पिण्ड जब बनता है तो उसमें भी आपो है, उसमें भी रज है। मानो देखो, पृथ्वी का गुरुत्व परमाणु रहता है तो बेटा! यह पिण्ड बन जाता है। नाना प्रकार के लोक-लोकान्तर उस पिण्ड के रूप में दृष्टिपात आते रहते हैं। यह संसार एक पिण्ड बना हुआ है। माता के गर्भस्थल में मानो देखो जब ये आपो गुरुत्व का देखो एक-एक वितार्त्य हो जाता है, तो बेटा! यह जल ही यह पृथ्वी से ही पिण्ड बना करता है। यह संसार एक पिण्ड रूप में प्रायः हमें दृष्टिपात आता रहता है। तो बेटा! यह पिण्डोमयी जगत है और यह पिण्डम् ब्रह्मा व्रतम् बेटा! ब्रह्माण्डे पिण्ड वाण कृति देवत्वाम् यह सर्वत्र मानो एक-दूसरे में ओत प्रोत हो रहा है। तो बेटा! यह पिण्ड है–तो जब तक गुरुत्व का जब तक मिलान नहीं होता तब तक यह पिण्ड नहीं बन पाता, तो यह संसार एक पिण्ड के रूप में है। **माता के गर्भस्थल में पञ्च महाभूत एक-दूसरे में मिलान हो करके पिण्ड बनते हैं और पिण्ड में मानो देखो, जीवन आत्मा विद्यमान रहता है,** जिसको, वह पिण्ड को वह क्रिया देने वाला हो। तो आओ, मेरे प्यारे मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा न देता हुआ केवल यह उन्होंने कहा है कि यह मानो गुरुत्व यह पृथ्वी की रज को ले करके अञ्जली में कहो क्या प्राणाय स्वाहाः, अपानाय स्वाहाः। **यदि प्राण के साथ में बेटा! रज के परमाणु नहीं होंगें तो मानव श्वास नहीं ले सकता, गतियों में नहीं परणित हो सकता।** तो इसीलिए वह प्राण की आहुति देता है, अभ्योदय होता रहता है। तो वेद का ऋषि कहते हैं कि प्राण को ले कर हम प्राण की आभा में रत्त होते रहें।

## हृदयरूपी यज्ञशाला में याग

आओ मेरे प्यारे ऋषि; ने जब याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने अपना वर्णन किया तो उन्होंने कहा प्रभु कहीं ऐसा हो क्या यह पृथ्वी की रज भी कहीं हमें प्राप्त न हो, तो प्रभु याग कैसे करें? उन्होंने कहा सम्भवम् ब्रह्मणे लोकाम् कृतम् देवाः। हे ब्रह्मचारी! तुम्हें यह प्रतीत होगा कि तुम न्योदा में वेद मन्त्रों का अध्ययन करते रहते हो, यदि कहीं तुम्हें देखो, पृथ्वी की रज भी प्राप्त न हो तो मानो उस समय तुम अपने मन में वेद मन्त्रों का उच्चारण करते रहो। और मानो इस प्रकार कहो क्या प्राणाय स्वाहाः, अपानाय स्वाहाः, व्यानाय स्वाहाः, उदानाय स्वाहाः इस प्रकार उद्गीत गाते हुए तुम आहुति दो। परन्तु देखो, मन, कर्म, वचन को एकाग्र करके बेटा! देखो, तुम उसको हृदय रूपी यज्ञशाला में तुम याग करने के लिए तत्पर हो जाओ। मेरे प्यारे! क्योंकि मैं इससे पूर्व काल में तुम्हें यह प्रगट करा रहा था क्या **प्रत्येक स्वरूप मानो अपने में समाहित हो जाता है** बेटा! प्रत्येक इन्द्रियों का विषय, बेटा! प्रत्येक तत्त्वों का जो विषय है देखो, यज्ञशाला का जितना विषय है वह भी हृदय में है और जितना अग्नि का विषय वह भी अग्नि है। मेरे प्यारे! देखो, हृदय में समाहित रहने वाला यह अभ्योदय होता रहता है। तो विचार आता रहता है कि हम मुनिवरो! अञ्जली में ले करके याग करने वाले बनें। पृथ्वी के सर्वत्र गुण भी मेरे प्यारे! देखो, हृदय में सिमट जाते हैं। मन, वचन और कर्म भी हृदय में सिमट जाता है और हृदय में ही मुनिवरो! देखो, उसका याग करो और कहो प्राण के अव्रतम् प्राणाय स्वाहाः, अपानाय स्वाहाः—वेद मन्त्र का उद्गीत गाते रहो, वेद मन्त्रों का उच्चारण करते रहो परन्तु वेद में अभ्योदय होता रहता है। तो बेटा! उस आहुति हुत करने से तुम्हारा हृदय रूपी जो यज्ञशाला है इसमें कितनी प्रगति हो जाएगी मानो देखो, **बाह्य जगत को जानने के पश्चात् ही मानव अन्तर्मुखी होता है** और अन्तर्मुखी हो करके मुनिवरो! देखो, वह याग करता है। **अन्तर्मुखी हो करके हृदय में समन्वय हो जाता है**

**और वही हृदय का समन्वय मेरे प्यारे! प्रभु से होता है।** तो मेरे प्यारे! देखो, याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा हे ब्रह्मचारियों! मानो तुम देखो, यह याग करने वाले बनो। तुम मन से याग करो, कर्म से करो, वचन से करो परन्तु देखो, याग अपने में महान् स्वरूप माना गया है इसके ऊपर महानता का वर्णन करते हुए ऋषि-मुनियों ने अपनी अपनी आभाएँ प्रगट की हैं। तो आओ, मेरे पुत्रों! मैं इस सम्बन्ध में विशेष विवेचना नहीं देने आया हूँ, केवल यह क्या प्रत्येक मानव को याज्ञिक बनना चाहिए, प्रत्येक मेरी पुत्री को याज्ञिक बनना चाहिए जिससे मुनिवरो! देखो, याग अपने में महान् है। जैसे मुनिवरो! देखो, हमारे यहाँ क्या अवृत्ति **माता मदालसा ने यह कहा था अपने पूज्यपाद गुरुदेव से प्रभु! मैं याग कैसे करूँ?** उन्होंने कहा तुम याग इसी प्रकार करते रहो। परन्तु यदि तुम्हारे गर्भस्थल में किसी आत्मा का, शिशु का प्रवेश हो गया है तो मानो देखो, प्राण, अपान को, दोनों को एक सूत्र में ला करके तुम अपनी गर्भ की आत्मा से, शिशु से वार्त्ता प्रगट कर सकती हो, वह भी एक याग है। क्योंकि वह मानो प्राण का याग हो रहा है, अपान का और व्यान का याग हो रहा है, व्यान और प्राण का याग हो रहा है। **मेरे प्यारे! देखो, इस विषय में प्राण होने का नाम ही बेटा! याग माना गया है।**

आओ, मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा नहीं प्रगट करूँगा। आज का हमारा अभिप्रायः यह महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ब्रह्मचारियों से कहते हैं कि तुम प्रत्येक दशा में याज्ञिक बनो और याग करने वाले बनो क्योंकि याग ही तुम्हारी मौलिकता मानी गई है और याग ही तुम्हारा एक ऊर्ध्वा में क्रियाकलाप माना गया है। तो आओ, मेरे प्यारे! आज का हमारा विचार यह क्या कह रहा है–हम परमपिता परमात्मा की आराधना करें और जो मानो देखो, याज्ञिक नहीं बनता है, जो गुरुता के सम्बन्ध में अपने अन्तर्हृदय को ले जाता है बेटा! वो उसकी वृत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं, उसका दध्याम् भू वर्णम ब्रह्मा लोकाम्। आओ, मेरे प्यारे! महानन्द दो वाक् उच्चारण करेंगें।

## पूज्य महर्षि महानन्द मुनि जी के उद्‌गार

ओ३म् देवाम् भद्रम् मना वाचश्वन्धना।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव गागर में सागर की कल्पना कर रहे थे और गागर में सागर का भरण कर रहे थे दूसरे रूपों में। परन्तु आज का यह जो समाज जहाँ हमारी यह आकाशवाणी जा रही है वहाँ एक साम याग का गान का याग सम्पन्न हुआ। मेरा अन्तरात्मा बड़ा प्रसन्न रहता है और मैं यजमान के लिए मेरा अन्तरात्मा यह उद्‌गीत गाता रहता है कि हे यजमान! तेरे गृह में द्रव्य का सदैव सदुपयोग होता रहे। क्योंकि जिन गृहों में द्रव्यों का सदुपयोग होता है उन गृह में द्रव्य की हानि नहीं होती और जिस गृह में द्रव्य का ह्रास होता है, द्रव्य का दुरूपयोग होता है उस गृह से द्रव्य चला जाता है। मानो वह द्रव्य हीन बन करके अपने कर्त्तव्य को मन ही मन में उद्‌गीतता में गाने लगता है। तो इसीलिए यजमान के साथ में मेरा अन्तर्हृदय रहता है। हे यजमान! तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे। तेरे गृह में द्रव्य का सदैव सदुपयोग होता रहे और इससे ऊर्ध्वा में कोई सदुपयोग नहीं होता जो याग करता है। क्योंकि याग में जो साकल्य है वह वायुमण्डल में जाता है और जो शुद्ध और पवित्र शब्द होता है वह भी द्यौ लोक को चला जाता है और द्यौ में वह सिद्ध हो करके गमन करता रहता है। इसीलिए मेरे पूज्यपाद गुरुदेव का इस याग के सम्बन्ध में इनका बहुत बड़ा अध्ययन रहा है। क्योंकि बाल्य काल से भी पुरातन कालों से अमूल्य निधि रही है और यह अपने में मानो देखो, वेद का उद्‌गीत गाते रहते हैं, हमारा अन्तर्हृदय भी इसी से पवित्र रहता है।

### भगवान् राम का काल

आज मैं देखो, पूज्यपाद गुरुदेव को यह वर्णन करा रहा हूँ क्या राम के काल में भी प्रत्येक गृह में राम ने यह घोषणा की थी मेरे राष्ट्र में प्रत्येक गृह में याग होने चाहिए, प्रत्येक गृह में सुगन्धि होनी चाहिए।

विचारों की सुगन्धि और मुनिवरो! देखो, साकल्य की सुगन्धि, दोनों होनी चाहिए। विचारों की सुगन्धि वह होती है जो विचारों को पवित्र बनाती है। उद्गीत गाने वाले हैं देखो, विचारों की सुगन्धि से ही देखो, साकल्य की सुगन्धि याग के द्वारा होती है। तो जब दोनों सुगन्धि होती हैं तो प्रदूषण नहीं होता। किसी राजा के राष्ट्र में राजा को यह विचारना है कि मेरे राष्ट्र में मानो प्रदूषण नहीं होना चाहिए। समाज में विचारों का प्रदूषण न हो तो एक-दूसरे में महान् बने। विचारों की और साकल्य सुगन्धि में सुगन्धित हो जाएँ और द्रव्य का सदुपयोग होने लगे तब राजा के राष्ट्र में या समाज में देखो, कहीं भी देखो, दुरूपयोग नहीं रहेगा और प्रदूषण की उत्पत्ति नहीं हो सकेगी।

## आधुनिककाल का समाज

मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से वर्णन कराता रहता हूँ क्या आधुनिक काल का यह जो समाज चल रहा है इसे भी वाम मार्ग का युग कहता रहता हूँ, मैं इसे श्रेष्ठ युग नहीं कहा करता हूँ। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव मैं आपको निर्णय कराऊँ क्या आज का तो राजा भी वाममार्गी है, प्रजा भी वाममार्गी है। वाम मार्ग उसे कहते हैं जो उल्टे मार्ग पर गमन करता है। तो इसीलिए राजा भी सुरा पान कर रहा है, प्राणियों के रक्त का पान कर रहा है। मानो देखो, राजा अपने स्वार्थ में लगा हुआ है क्योंकि राजा को निस्वार्थी होना चाहिए। राजा के राष्ट्र में न्यायलय में एक स्थली में उसका पुत्र न्यायलय में है और एक प्रजा का पुत्र न्यायलय में है तो दोनों ही राजा के लिए एक तुल्य होने चाहिए। यदि उसमें ममता आ गई तो राष्ट्रीय प्रणाली का विनाश हो जायेगा। और यदि मानो देखो, प्रजा को न्याय नहीं प्राप्त होता तो वहाँ भी पूज्यपाद गुरुदेव तो जानते हैं वहाँ भी देखो, विनाशता की वृत्तियाँ उत्पन्न होने लगती हैं। मैंने बहुत पुरातन काल में यह कहा क्या राजा के राष्ट्र में रूढ़ी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि रूढ़ि राजा के विनाश का एक मूल बनती है, प्रजा का मूल बन जाती हैं। क्योंकि मैंने पुरातन काल में कहा राजा को अपने राष्ट्र को

ऊँचा बनाना है तो राजा के राष्ट्र में भिन्न-भिन्न प्रकार की रुढ़ि नहीं होनी चाहिए। आज एक मानव देखो, रूढ़िवाद में बना हुआ है, एक दूसरा मानव मानव के रक्त का पिपासी है। उसके मूल में ईश्वर के नाम पर भिन्न-भिन्न रुढ़ियाँ बनी हुई हैं क्योंकि यदि रूढि नहीं होगी तो रक्त का पिपासी नहीं होगा। देखो, वह दीर्घ ब्रह्मे एक ही विचार का मानो देखो, आचार्यों की पद्धति होनी चाहिए जिससे बुद्धिमान और राजा जब ब्रह्मवेत्ता होता है तो राष्ट्र ऊँचा बनता है और प्रजा उसके अनुसार बरतने लगती है।

राजा यह चाहता है कि मेरा राष्ट्र पवित्र बने, एक दूसरा मानो रक्त का पिपासी न हो तो राजा ब्रह्मवेत्ता बन करके और अश्वमेध याग करने वाला हो, और अश्वमेध याग करने वाला जो राजा होता है, वह राष्ट्र और प्रजा को, दोनों को....। तो विचार आता रहता है मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से कहता रहता हूँ क्या प्रत्येक रूढ़ियों के आचार्यों को एकत्रित किया जाए और जो धर्म, मानवीयता और विज्ञान पर जो विचार स्थिर हो जाए उसे अपने में अपनाना चाहिए, यह राजा का कर्त्तव्य है। क्योंकि राजा को ब्रह्मवेत्ता होना बहुत अनिवार्य है, यदि राजा ब्रह्मवेत्ता नहीं होगा तो राष्ट्र को उन्नत नहीं बना सकेगा। मेरे पूज्यपाद गुरुदेव तो भिन्न-भिन्न प्रकार की वार्त्ताएँ प्रगट करते रहते हैं और आज उन्होंने गागर में सागर की कल्पना करते हुए एक-एक शब्द में गागर विद्यमान है। और **गागर में वही सागर है जो मानो देखो, ऋषि-मुनियों की परम्परा की पद्धतियाँ मानी जाती हैं।** परन्तु देखो, हे मेरे पूज्यपाद! गुरुदेव मैं आधुनिक काल के राष्ट्रवाद की चर्चा कर रहा हूँ, यहाँ कोई मोहम्मद के मानने वाला है तो ईसा का शत्रु है। ईसा के मोहम्मद के मानने वाला है तो मानो वह अनन्यों का शत्रु बना हुआ है। परन्तु धर्म की प्रणाली को न जान करके, धर्म को न जान करके मानो देखो, यह रूढ़ियाँ अधर्म में परणित हो जाती हैं। विचार आता रहता है यह एक-दूसरे की रक्त की पिपासी बन जाती हैं। तो मैं अपने पूज्यपाद

गुरुदेव से यह कहता रहता हूँ हे मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! यह जो रूढ़ियाँ हैं इन रुढ़ियों को राजा को विनाश करना चाहिए यदि अपने राष्ट्र को उन्नत बनाना है, समाज को सुखद बनाना है। अपनी पुत्रियों के शृङ्गार की रक्षा करनी है तो मानो देखो यह रुढ़िवाद समाप्त होना चाहिए। यह जो ईश्वर के नाम पर रुढ़ियाँ हैं यह रुढ़ि नहीं रहनी चाहिए।

देखो, एक ही धर्म है। देखो, पूज्पाद गुरुदेव इससे पूर्व कालों में प्रगट कर रहे थे कि इन्द्रियों का जो विषय है वही धर्म है। परन्तु देखो यह सब के साथ रहता है और जब वृत्तम् ब्रह्मा मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से भिन्न-भिन्न प्रकार की शिक्षा लेता रहता हूँ और इनके चरणों में बहुत समय तक अध्ययन किया है परन्तु देखो, धर्मणं एक है और रुढियाँ अनेक होती हैं। अनेकता को देखो, रूढ़ि में वर्णित नहीं किया जा सकता। वह एकता में, धर्म में रहता है और रुढ़ियाँ न रहती हैं इसीलिए रूढ़ियों का विनाश हो और धर्म की रक्षा हो और देखो, यह जो रूढियाँ हैं इनका विनाश हो जाएगा तो राष्ट्र पवित्र बन जाएगा। प्रजा में महानता छा जाएगी। तो इसीलिए मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से उद्गीत गाता रहता हूँ। आज का देखो, जिस गृह में द्रव्य का सदुपयोग होता है वही गृह पवित्र होता है। क्योंकि द्रव्य ही गृह को बलवती बना देता है। वह द्रव्य वहाँ से चला जाता है और मानो देखो, अपने अन्तःकरण में पापाचार की प्रवृत्तियाँ उत्पन्न हो गई थीं जहाँ द्रव्य का दुरूपयोग हुआ वह अपने में हिंसक बन जाता है और विचारता रहता है कि मैं कहाँ चला गया हूँ। तो इसीलिए विचारो कि द्रव्य का सदुपयोग हो और देखो, यह समाज ऊँचा बने।

मेरे यजमान मैं पुनः से कहता हूँ हे यजमान! तेरे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे, तेरे जीवन में महानता की बलवती होती रहे। इसके साथ मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से मानो क्षमा चाह रहा हूँ, मैं अपने विचारों को विराम दे रहा हूँ। क्योंकि रूढि जब तक विनाशता को समाप्त नहीं होंगी जब तक वह समाज किसी भी राष्ट्र का रहने वाला

हो, चाहे वह लोक-लोकान्तरों का रहने वाला हो... क्योंकि रावण के राष्ट्र में भी रुढ़ियाँ बन गई थीं राम ने उनका विनाश किया। इसी प्रकार देखो, रुढ़ि नहीं रहनी चाहिए और रुढिवाद जब तक समाप्त नहीं होगा और ब्रह्मज्ञानी जब तक राजा नहीं होगा, जब तक समाज उन्नत नहीं होगा। इसीलिए आज का विचार अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊँगा।

## पूज्यपाद-गुरुदेव

मेरे प्यारे ऋषिवर! अभी-अभी मेरे प्यारे महानन्द जी ने अपने उद्‌गार दिए। इनके उद्‌गारों में मानो एक विड़म्बना है, राष्ट्रीयता की दाह बनी रहती है। मैं सदैव यह कहता रहता हूँ कि यह समय भी प्रायः आएगा जब मानव एक सूत्र में सूत्रित हो जाएगा। विचार आते रहते हैं, बनते रहते हैं और वह विस्मृत होते रहते हैं। मानो वह स्मरण शक्तियों में भी आते रहते हैं, वह उद्‌गीत गाए जाते हैं परन्तु वहीं नष्ट हो जाते हैं। तो अभी-अभी मेरे प्यारे महानन्द जी ने कहा राजा ब्रह्मवेत्ता हो महाराजा अश्वपति की भाँति, राजा जनक की भाँति देखो, ब्रह्मवेत्ता हो और देखो, अनेक रुढ़ियाँ समाप्त हों और धर्म एक ही वचन कहा जाता है। तो इसीलिए आज का विचार-विनिमय क्या **हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए, देव की महिमा का गुणगान गाते हुए और अपने में मानो याज्ञिक बन करके अपने द्रव्य का सदैव सदुपयोग करते रहें।** तो यह आज का विचार अब सम्पन्न होने जा रहा है, अब वेदों का पठन-पाठन होगा।

**दिनाँक :**
**समय :** } अनुपलब्ध
**स्थान :**

॥ ओ३म् ॥

# ऋषि-मुनियों के उद्‌गार

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही ये पठन-पाठन की प्रतिक्रियाएँ हैं और हमारे मानवीय मस्तिष्कों में सदैव रत्त रही हैं। हमारे यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार की पठन-पाठन की प्रतिक्रियाएँ परम्परागतों से ही विचित्र मानी गई हैं। मानो जैसे हमारे यहाँ माला पाठ का वर्णन आता है तो हमारे यहाँ माला पाठ प्रत्येक शब्दों की प्रतिभा में निहित रहता है। क्योंकि उस परमपिता परमात्मा ने जब इस मानवीयता का निर्माण किया तो मानव के मस्तिष्क में एक ऊर्ध्वा में एक ध्वनि हुआ करती है जिस ध्वनि में ध्वनित होता हुआ बेटा! योगेश्वर उस ध्वनि को श्रवण करता रहता है और उसमें आनन्दवत का ग्रहण करता है। तो उसी ध्वनि को जब बाह्य जगत में लाया जाता है तो वहाँ वेद मन्त्रों का वो उद्‌घोष करता है और वेद मन्त्रों को अपना स्वर और व्यञ्जन देता रहता है। मानो वह शब्दों की प्रतिभा में सदैव निहित रहता है जैसे माला और नाना प्रकार के मनके और धागों का, दोनों का समन्वय होता है तो एक माला कहलाती है। इसी प्रकार प्रत्येक शब्द को मानो धारा में रत्त कराना और उसको ध्वनि में ध्वनित करने का नाम एक माला के रूप में परणित हो जाता है अथवा वह माला हमें दृष्टिपात आने लगती है। तो ये संसार जितना भी हमें प्रायः दृष्टिपात आ रहा है वो एक माला के सदृश–किसी भी प्रकार की योनि हो, किसी भी प्रकार की आभा हो वह एक-दूसरे में पिरोयी हुई है और एक-दूसरे में निहित होती

दृष्टिपात आती है। मानो यदि उसमें एक-दूसरे में प्रतिभाषित नहीं होगी तो ये संसार माला के रूप में दृष्टिपात नहीं आ सकेगा। शिल्पकार यज्ञशाला का जब निर्माण करता है तो वो भी मानो एक प्रकार के रूपों को रूप देता चला जाता है, तो वो माला बन जाती है। जैसे यजमान अपनी यज्ञशाला में विद्यमान हो करके वह याग करता है और वह **याग करता हुआ अपने हृदय और प्राण और मनस्तत्त्व मानो देखो जब तक ये संतुलित नहीं होते तब तक वह याज्ञिक अपनी यज्ञशाला में सफलता को प्राप्त नहीं होता है।**

## महर्षि लोमश और काग्भुषण्ड जी का चिन्तन

बहुत पुरातन काल हुआ बेटा! एक समय महर्षि लोमश और काग्भुषण्ड जी का भी इस सम्बन्ध में कुछ विवाद हुआ। बहुत से विचार-विनिमय होते रहे हैं। तो महर्षि काग्भुषण्ड जी ने ये कहा कि भगवन्! जब यजमान यज्ञशाला में याग करता है और मन की प्रतिभा यदि स्वाहाः से गुथी हुई नहीं है तो उसका कोई प्रतिफल होता है? तो उस समय महर्षि ने ये कहा क्या उसका प्रतिफल नहीं होता। **जब मनस्तत्त्व कहीं रूप में रहता है और क्रिया कहीं हो रही है तो वो क्रिया का मन और आत्मा से कोई समन्वय नहीं होता।** परन्तु समन्वय जब ही होता है जब एक-दूसरे में मानो वो पिरोयी हुई रहती है। मन प्राण में, प्राण क्रिया में और क्रिया द्यौ में जब तक नहीं होती जब तक वो याज्ञिक मानो देखो याग सफलता को प्राप्त नहीं होता। मेरे पुत्रों! देखो ये काग्भुषण्ड जी और महर्षि लोमश मुनि महाराज का ये विचार-विनिमय होता रहा है। आज मैं इस सम्बन्ध में तो कोई विवेचना तुम्हें प्रगट करने नहीं आया हूँ। विचार केवल ये कि हमारे जो मन, सूत्र के जो मनके हैं वो महान् होने चाहिए। जब तक मनके और सूत्र दोनों का समन्वय नहीं होगा तो वो माला नहीं कहलाएगी। इसलिए हमें माला बनानी है और माला को अपने में धारण करना है।

जैसे राष्ट्र के यहाँ जब राजा के यहाँ से चरित्र का अभाव हो जाता है तो वह उसका सूत्र चला जाता है क्योंकि **राष्ट्र का भी यदि कोई सूत्र है तो वह उसका चरित्र है उसकी प्रतिभा है।** परन्तु यदि समाज और राष्ट्रीयता से चरित्र चला गया है तो उसका प्राण समाप्त हो गया है, मानो उसका सूत्र समाप्त हो गया है। इसलिए हमें उस सूत्र को अपने में धारण करना है जिस सूत्र को सूत्रित हो करके मानव इस संसार सागर से पार होने का प्रयास करता है। जैसे मानो देखो यज्ञशाला में ब्रह्मा विद्यमान होता है, ब्रह्मा अपनी क्रियाओं से और अपना मनस्तत्त्व मानो होताजन और वेद मन्त्रों की प्रतिभा में जब निहित रहता है तो देखो उसके ब्रह्मत्त्व का मानो अस्तित्त्व होता है और यदि ब्रह्मा का यज्ञशाला के होताओं और उस यजमान के प्रति ध्यानम् उसका मनस्तत्त्व नहीं होता, प्राण क्रिया वेद मन्त्रों में नहीं होती तो मानो देखो उसके उसका अस्तित्त्व समाप्त हो जाता है। वह माला को नहीं धारण कर रहा है, वह माला से विमुख होने जा रहा है। इसलिए हमारे आचार्यों ने कहा है कि जो भी तुम क्रिया में अपने को लाना चाहते हो तो वह मन, कर्म, वचन मानो सर्वत्रता में एकोरस हो करके अपने में क्रियाकलाप होते चले जाओ।

## शिकामकेतु ऋषि महाराज और उनकी पत्नि का विज्ञान के वाङ्मय में प्रवेश

मेरे पुत्रों! आओ मैं आज तुम्हें मानो देखो उद्दालक गोत्र में ले जाना चाहता हूँ। महर्षि उद्दालक गोत्र में नाना ऋषि हुए हैं क्योंकि **हमारे यहाँ उद्दालक गोत्र में लगभग दस हजार पाँच सौ बयालीस मानो वंशलज हुए हैं।** उन वंशलजों का नामोकरण है परन्तु गोत्र केवल वह उद्दालक गोत्र कहलाता है। तो मेरे पुत्रों! देखो उद्दालक गोत्र में एक शिकामकेतु ऋषि हुए हैं। शिकामकेतु ऋषि और उनकी पत्नी सोमवृत्तिका मेरे पुत्रों! देखो दोनों अपने गृह में याग करते थे।

याग करते-करते मानो देखो! उनके हृदय में क्योंकि **याग का जो प्रतिफल होता है वह दो प्रकार का होता है**–एक श्रोत्रिय कहलाता है, एक मानो वृहीवास कहलाता है। तो मेरे प्यारे! वह जो वृहीवास क्रिया है वह महान् विज्ञान से उसका समन्वय होता है और श्रोत्रिय इस संसार के क्रियात्मक जीवन से होता है। तो मेरे पुत्रों! देखो दोनों अपने में जब अन्वेषण करते, विचार-विनिमय करते तो उनका विचार आन्तरिक जो जगत था वो विज्ञान के वाङ्मय में प्रवेश हो जाता और विज्ञान में वो रत्त होने लगते। तो एक समय उनकी पत्नी ने कहा प्रभु! अब तो हम यहाँ से गृह को त्याग करके भयङ्कर वनों में जा करके यदि अपने याग को सम्पन्न करेंगे तो हमारा याग सम्पन्न हो सकेगा। तो मुनिवरो! देखो उन्होंने कहा देवी बहुत प्रियतम्। तो शिकामकेतु ऋषि महाराज और वह देवी जी मुनिवरो! देखो भयङ्कर वनों में जा पहुँचे, दण्डक वनों में। तो जब वनों में जा पहुँचे तो वहाँ वे साकल्य एकत्रित करते और साकल्य को ले करके कामधेनु गऊ उनके द्वारा थी उसके **धृत के द्वारा, दुग्ध के द्वारा वो प्रायः याग करते रहते थे।** जब वो याग करते तो बेटा! याग में जब विद्यमान हो करके अपने में चिन्तन और मनन करते। मानो जो याग में तरङ्गें उत्पन्न होती थीं उन तरङ्गों के साथ अपने मनस्तत्त्व को मानो ले जा करके उस पर अन्वेषण करते रहते थे। अन्वेषण करते हुए ऐसा कुछ स्मरण आ रहा है पुत्रों! आज क्या मानो देखो जब याग में याग के पश्चात् जब तरङ्गों के ऊपर वो अपने में ले जाते तो मुनिवरो! देखो यज्ञशाला भी भिन्न-भिन्न प्रकार की होती हैं। हमारे यहाँ चौबीस कोणों से द्वि-कोणों तक की यज्ञशालाओं का निर्माण हमारे यहाँ वैदिक साहित्य में आता रहा है। मेरे पुत्रों! देखो जब याग करने वाला याज्ञिक बनकर के इस प्रकार का वो याग करता है जैसे अग्निष्टोम याग है और वाजपेयी याग है, आनमूब्रह्मे अजामेध याग है, अश्वमेध याग है भिन्न-भिन्न प्रकार के यागों का चलन हमारे वैदिक साहित्य

में आता रहता है। आज मैं इस सम्बन्ध में विशेष विवेचना नहीं दूँगा। केवल विचार-विनिमय क्या कि हमारे यहाँ यागों का जो विज्ञान है ये महान् परम्परागतों से बड़ा विचित्र रहा है। ऋषि मुनियों ने इसके ऊपर बहुत अनुसन्धान किया क्योंकि याग का प्रकरण वैदिक साहित्य में मन्त्रार्थों में आता रहा है। क्योंकि देखो उन मन्त्रों में कहीं कन्या याग का वर्णन है, कहीं देवी याग का वर्णन है, कहीं मानो चन्द्रसूक्ति का वर्णन है भिन्न-भिन्न प्रकार के जैसे विष्णु, रुद्र और ब्रह्म याग का वर्णन आता रहा है। तो मेरे पुत्रों! देखो शिकामकेतु ऋषि महाराज उनकी पत्नी मानो उनके आश्रम में कुछ ब्रह्मचारी याज्ञिक आते रहे वे भी अन्वेषण करने लगे। मुनिवरो! देखो जैसे तरङ्गें उत्पन्न होतीं उन तरङ्गों के ऊपर बेटा! वे विचार करते उन्होंने बेटा! एक सूक्ष्म विज्ञान के यन्त्रों का भी निर्माण किया। क्योंकि वेद मन्त्रों में आता रहता था चित्रम् भविता देवो यज्ञम् ब्रव्हा व्रते। मेरे पुत्रों! देखो वेदों में ये आता रहा कि चित्रों को हम चित्रों में दृष्टिपात करना चाहते हैं। तो मुनिवरो! देखो वह ऋषि वेद मन्त्र को ले करके परमाणुओं और साकल्य को ले करके मुनिवरो! देखो विज्ञान के वाङ्मय में प्रवेश कर गए और विज्ञान के जब वाङ्मय में पहुँचे तो मानो वहाँ तरङ्गें दृष्टिपात होने लगीं। वे तरङ्गों में तरङ्गित दृष्टिपात करने लगे। तो मेरे प्यारे! उन्होंने एक यन्त्र का उन्होंने निर्माण किया था। इस यन्त्र को **चित्रावली धामकेतु** यन्त्र कहते थे।

मेरे पुत्रों! देखो यज्ञशाला में जैसे याग करते तो दोनों यन्त्रों को स्थिर कर लेते। मानो देखो यन्त्रों में उनके चित्र आने लगे। आगे उन्होंने उसके ऊपर अन्वेषण, अनुसन्धान किया तो मुनिवरो! देखो उनके चित्र वायुमण्डल में दृष्टिपात आने लगे। तो विचारते-विचारते बेटा! जब बहुत अनुसन्धान किया तो ऐसा कुछ प्रतीत है बेटा! क्या उन्हें मुनिवरो! देखो अपने पितरों के भी दर्शन होने लगे, मानो देखो पित्रोहा सम्भवा। मेरे प्यारे! देखो जो पितरजन उनके जो शब्द थे

